श्री मनिष शाह JH
~~Mr. Anant~~ Balgual
Advt., Div.)
Jain Irrigation system Ltd. Jain Plastic Park,
P.O. Box:72,N.H. NO. 6,
Jalgoan-425001 (Maharastra)
Ph:0257-2258011/22

कृषि भारती

ग्रामीण भारत की मासिक पत्रिका

वर्ष 6 | अंक 01 | जयपुर | 16 अक्टूबर 2015 पृष्ठ 44 | मूल्य रु. 30

खाद्य सुरक्षा एवं पौष्टिकता संरक्षण

- सरसों उत्पादन की उन्नत विधि
- हाईब्रिड टमाटर उत्पादन की उन्नत विधि
- नवजात बछड़े व बछड़ियों की देखभाल
- आधुनिक कृषि में गंधक (सल्फर) का महत्व

आसटेक लाइफसाइंसेज पर गोदरेज एग्रोवेट का नियंत्रण

गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है जो हाल ही में एग्रोकैमिकल्स निर्माता कंपनी आसटेक लाइफसाइंसेज लिमिटेड पर नियंत्रण करने जा रही है। आसटेक लाइफसाइंसेज लिमिटेड पर नियंत्रण के लिए गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने कंपनी के लगभग 185 करोड़ रूपए के शेयर खरीदने की घोषणा की है।

कंपनी पहले चरण में 45.29 प्रतिशत की हिस्सेदारी लेगी जिसे बाद में प्रचार के आधार पर 167 करोड़ रूपए तक लाया जाएगा। गोदरेज एग्रोवेट ने आवश्यक प्रस्ताव और प्रतिक्रिया के चलते आसटेक लाइफसाइंसेज प्रमोटर्स से अधिक शेयर खरीदकर कंपनी में अपनी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी करने का आश्वासन दिया है। इस प्रस्ताव के चलते कंपनी के प्रमोटर्स ने अपने स्टेक को 190 रू में बेचना मंजूर कर दिया है। गौरतलब है कि गोदरेज एग्रोवेट मार्केट में अपनी हिस्सेदारी को मजबूत करते हुए प्लांट ग्रोथ प्रमोटर्स, मृदा कंडीशनर्स और कपास खरपतवारनाशकों के नियंत्रण के साथ पैन-इंडिया में 6500 डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ काम कर रही है।

पीआई इण्डस्ट्रीज को गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड

इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा आयोजित 17 वें विश्व पर्यावरण कॉन्ग्रेस में पीआई इंडस्ट्रीज को पर्यावरण प्रबंधन के लिए गोल्डल पीकॉक एन्वायरमेंट मैनेजमेंट अवॉर्ड 2015 से नवाजा गया। इस अवसर पर पर्यावरण राज्य मंत्री प्रकाश जावड़ेकर मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए जिसके लिए विश्व के प्रत्येक नागरिक को प्रयासरत रहना चाहिए।

फॉर्च्यून की वैश्विक सूची में जैन इरीगेशन

जैन इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड एकमात्र भारतीय कंपनी है जिसने फॉर्च्यून की दुनिया बदलने वाली 51 कंपनियों की सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि कंपनी को इस सूची में वोडाफोन सफारी कॉम, गूगल, टोयोटा, वॉलमार्ट, एनेल यूटिलिटीज, जीएसके, सिसको, फेसबुक, मास्टरकार्ड, स्टारबक्स, नाइकी, फोर्ड मोटर, यूनिलीवर, आईबीएम आदि से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिली और कंपनी ने कई बड़ी कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए सूची में 7 वां स्थान प्राप्त किया।

फॉर्च्यून की इस दुनिया परिवर्तन सूची का मुख्य उद्देश्य उन कंपनियों को चिंहित करना है जिन्होंने सामाजिक उन्नति व समस्याओं के निराकरण को अपनी मुख्य व्यावसायिक रणनिति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना है। चयनित कंपनियों की वैश्विक, सामाजिक व वातावरणीय समस्याओं के संदर्भ में वृहद् प्रभावी प्रतिस्पर्धात्मक रणनीति रही है। इन कंपनियों के मूल्यांकन के लिए व्यापार में शामिल नवाचार का स्तर, महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौती का गणात्मक प्रभाव, कंपनी की लाभ प्रदत्ता पर प्रतिस्पर्धा के साथ साक्ता-मूल्य की गतिविधियों में योगदान और समग्र व्यापार करने के लिए साक्ता-मूल्य के प्रयास का महत्व क्रमशः चार मानदंडों पर फॉर्च्यून ने परखकर सर्वश्रेष्ठ सूची तैयार की।

जैन इरिगेशन सिस्टम लिमिटेड के बारे में फॉर्च्यून वैश्विक ने कहा कि कंपनी ने अपने व्यापार का आधार भारत के 50 लाख छोटे किसानों की आजीविका में सुधार द्वारा बनाया है। कंपनी के संस्थापक चेयरमैन श्री भंवरलाल जैन ने कहा कि फॉर्च्यून की दुनिया बदलने वाली कंपनियों में हमारी कंपनी का सामवेश होना ही बड़े सम्मान की बात है। दशकों से हमारी टीम का जोश, निष्ठा से छोटे-छोटे किसानों के साथ कार्य करने की लगन का ही यह परिणाम है कि हमें यह सम्मान मिला है। श्री जैन कहते हैं कि कृषक व हमारी समृद्धि ही हमारी सफलता का आधार रहा हैं।